निदेशालय: उ0प्र0 कौशल विकास मिशन
परिसर: राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज,
पत्रांक: १९१९ / उ0प्र0कौ0वि0मि0/2023-24/2391,
लखनऊ: दिनांक: १७,अगस्त, 2023

कार्यालय-ज्ञाप

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के सोशल मीडिया सेन्टर में कार्यरत कार्मिकों को कम्प्यूटर तथा आई0टी0 आधारित नवीन सॉफ्टवेयर्स पर कार्य करने हेतु कौशल उन्नयन/प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का अनुरोध पुलिस विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से किया गया है, जिस पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में सूचीबद्ध राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता यथा राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज-लखनऊ को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में एस0एस0डी0एफ0 योजनान्तर्गत निम्नलिखित जॉब-रोल में अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण का अतिरिक्त लक्ष्य आवंटित किया जाता हैः-

Name of the Job Role:	Certified Office Automation and IT Assistant
NCVET Code:	2022/ITES/NIELIT/06334
NSQF Level:	3
Training Duration:	450 Hours [Theory-180 Hrs. (Including 30 Hrs. of Employability Skills), Practical-240 Hrs., OJT-30 Hrs.
Common Cost Norms Category:	II (2)

उपरोक्त आवंटित लक्ष्य हेतु निम्नलिखित दिशा-निर्देश प्रभावी होंगेः-

1 बैच/बैचों का संचालन उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये दिशा-निर्देशों के अनुरुप किया जायेगा तथा उनका अनुपालन राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

2 बैच/बैचों का प्रशिक्षण NSQF Compliance Courses के अन्तर्गत किया जायेगा तथा प्रशिक्षार्थियों के मूल्यांकन से सम्बन्धित कार्यवाहियां सम्बन्धित Assessment Agency के माध्यम से पूर्ण की जानी सुनिश्चित की जायेगी।

3 राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा सम्बन्धित जॉब रोल में टी0ओ0टी0 धारक प्रशिक्षकों की उपलब्धता की पुष्टि के उपरान्त ही बैच/बैचों को बनाने की अनुमति होगी।

4 उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रकृति व स्थल सामान्य से पृथक होने के क्रम में जी0टी0पी0 को विभिन्न कार्यों के लिये किसी अन्य संस्था/कार्मिक की सहायता प्राप्त किये जाने व एक से अधिक स्थलों पर प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की अनुमति इस शर्त के अधीन प्रदान की जा रही है कि जी0टी0पी0 द्वारा इस प्रकार के कार्यों

को प्रारम्भ करने से उ0प्र0 कौशल विकास मिशन से आवश्यकतानुरुप अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

उक्त दिशा-निर्देशों के आलोक में मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के सोशल मीडिया सेन्टर में कार्यरत कार्मिकों को कम्प्यूटर तथा आई0टी0 आधारित नवीन सॉफ्टवेयर्स पर स्वीकृत किये गये उक्त उल्लिखित जॉब-रोल में प्रशिक्षण, मूल्यांकन व प्रमाणन आदि को समस्त सम्बन्धित द्वारा पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

संलग्नकः यथोक्त।

(आन्द्रा वामसी)
आई0ए0एस0
मिशन निदेशक।

पत्रांक: १९१९ / उ0प्र0कौ0वि0मि0/2023-24/2391, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1 पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2 प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3 जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
4 निदेशक, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान,लखनऊ को इस को इस आशय से कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात मूल्यांकन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5 जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ।
6 राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता यथा राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज-लखनऊ।
7 समस्त प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशालय, लखनऊ।
8 आई0टी0 प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत आवंटित राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता के अतिरिक्त लक्ष्य को यू0पी0एस0डी0एम0 पोर्टल पर अंकित/अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
9 गार्ड फाइल।

(आन्द्रा वामसी)
आई0ए0एस0
मिशन निदेशक।